सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-328
10/08/2017

मुख्यमंत्री ने बुनियाद संजीवनी सेवा (मोबाइल थेरेपी वैन) को झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना, 10 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद परिसर से दिव्यांगजनों, वृद्धजनों और विधवाओं हेतु सामाजिक सुरक्षा और देखभाल सेवा 'बुनियाद संजीवनी सेवा' (मोबाइल थेरेपी वैन) को झंडी दिखाकर रवाना किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा बिहार समेकित सामाजिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण परियोजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। 11 बुनियादी संजीवनी सेवा (मोबाइल थेरेपी वैन) को नालंदा, बेगूसराय, भागलपुर, बक्सर, मुजफ्फरपुर, नवादा, पटना, पूर्णिया, रोहतास, दरभंगा एवं समस्तीपुर के लिये रवाना किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा, प्रधान सचिव समाज कल्याण श्री अतुल प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******